


# अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा बन कमाए 18 करोड़ रुपए

**मुंबई।** कल्कि 2898 एडी ने रिलीज से पहले ही शोर मचा दिया है। अमिताभ बच्चन का अश्वत्थामा अवतार चर्चा से हटने का नाम ही नहीं ले रहा है। रविवार को कल्कि 2898 एडी का टीजर जारी किया गया। इसके साथ ही अमिताभ के किरदार से पर्दा उठा दिया गया। इसके साथ ही फिल्म और अमिताभ बच्चन 24 घंटे बाद भी खबरों में बने हुए हैं। कल्कि 2898 एडी के इस कुछ सेकंड के टीजर में अमिताभ अलग- अलग लुक दिखाए गए। इनमें उनका डी-एज्ड लुक सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रहा है। कल्कि 2898 एडी की लागत के साथ- साथ स्टार कास्ट को भी मोटी फीस दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक बिग बी ने कल्कि 2898 एडी में अपने किरदार के लिए लगभग 18 करोड़ रुपए वसूले हैं।

## लाइफ Style



# मानुषी

## बड़े मियां... के लिए खाना पड़ा नॉन वेज


फिल्मों के लिए आपने एक्टर्स को अपने लुक्स और बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन करते देखा होगा, लेकिन मानुषी छिल्लर ने तो कुछ ऐसा किया जिसके बारे में उन्होंने कभी सोचा नहीं होगा। मानुषी जो हाल ही में फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मानुषी ने बताया कि वह बचपन से वेजीटेरियन थीं और कभी नहीं सोचा कि वह नॉन वेज खाएंगी, लेकिन फिल्म बड़े मियां छोटे मियां ने उन्हें वेजिटेरियन से नॉनवेजिटेरियन बना दिया। मानुषी ने कहा, 'मैं हमेशा से वेजिटेरियन थी। मैंने हमेशा सोचा कि मैं कभी मीट नहीं खा पाऊंगी क्योंकि मैंने कभी खाया ही नहीं। इसके बाद आई बड़े मियां छोटे मियां। मैं किसी और फिल्म की शूटिंग कर रही थी और उस वक्त मुझे कोविड हो गया था।

मैं काफी डर गई थी कि क्योंकि मैं नहीं चाहती थी कि मेरा वजन कम हो क्योंकि मुझे इस फिल्म के लिए स्ट्रॉन्ग बनना था। मेरे पापा जो डॉक्टर हैं उन्होंने फिर मुझे मीट खाने को बोला।'मानुषी ने कहा, 'मैंने पापा से कहा कि कुछ ऐसा बनाओ जो चिकन जैसा ना लगे। वह टेबल पर बैठते थे और मुझे देखते थे। वह जबरदस्ती मुझे पूरा खाने को बोलते थे।' मानुषी ने आगे बताया कि कैसे इस ट्रांसफॉर्मेशन ने उनकी मदद भी की शूटिंग में। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म की शूटिंग जोर्डन, स्कॉटलैंड, लंदन और स्कॉटलैंड में शूटिंग की और कई जगह में तो वेजिटेरियन ऑप्शन भी नहीं था तो इस वजह से मीट मेरे लिए आसान सोर्स था प्रोटीन के लिए।'

## हॉलीवुड मसाला




# सिविल वॉर ने कमाए 92 करोड़

**लॉस एंजिलिस।** 12 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई डिस्टोपियन थ्रिलर 'सिविल वॉर' ने अमेरिकन बॉक्स ऑफिस पर बवाल मचा दिया है। फिल्म ने इसके बाद रिलीज हुईं नई फिल्मों को भी कलेक्शन में पीछे छोड़ दिया है, जिनमें हॉरर मूवी 'एबिगेल' भी शामिल है। कर्स्टन डंस्ट स्टारर फिल्म की रफ्तार पहले हफ्ते में कुछ धीमी रही थी, लेकिन दूसरे वीकेंड में फिल्म ने गति पकड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ अमेरिका में सिविल वॉर नम्बर वन फिल्म बन गई है।



# 'मेट गोला' 2024 में हिस्सा नहीं लेंगी प्रियंका

**लॉस एंजिलिस।** ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा अक्सर अपनी सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह कभी निक के साथ, तो कभी बेटी मालती के साथ तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वहीं, कई बार वह अपनी आने वाली फिल्मों की अपडेट भी शेयर करती हैं। फिलहाल अब उनसे जुड़ी एक खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद उनके फैंस थोड़े निराश हो सकते हैं। दरअसल, प्रियंका चोपड़ा ने अपनी नई डॉक्यूमेंट्री फिल्म टाइगर के प्रमोशन के दौरान बताया कि इस साल वह सबसे बड़े फैशन कार्यक्रमों में से एक मेट गाला में नहीं शामिल होने वाली हैं। साथ ही उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई।



# बर्फीली वादियों के बीच कराया फोटोशूट

**मुंबई।** खूबसूरत अदाकारा श्रद्धा कपूर ने हाल ही में अपनी कुछ तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं, जिनमें वो बर्फ से ढंकी वादियों के बीच फोटोज क्लिक करवाती नजर आ रहीं हैं। श्रद्धा कपूर इन तस्वीरों में बेहद सिंपल लुक में दिखाई दे रहीं हैं। इस तस्वीर में श्रद्धा कपूर बर्फ से ढंके पहाड़ों के बीच कुछ ऐसे पोज देती हुई दिखाई दीं, जिन पर फैंस दिल हार बैठे हैं। वहीं इस दूसरी तस्वीर में श्रद्धा कपूर बैग टांगे पहाड़ों की सैर के लिए जाती हुई दिखाई दे रहीं हैं। एनिमल लवर श्रद्धा कपूर एक डॉगी के साथ कुछ ऐसे प्यार जताती हुई नजर आईं। श्रद्धा कपूर ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए इन्हें कैप्शन दिया - किसकी मजाल है मुझे पहाड़ों से वापस ले जाए???। श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों पर उनके लाखों फैंस - ब्यूटीफुल लोकेशन, नेचर,परफेक्ट और इन तस्वीरों से प्यार हो गया जैसे कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं।



# आज भी मम्मी से पिट जाते हैं विक्की

**मुंबई।** बॉलीवुड के हैंडसम एक्टर विक्की कौशल फिल्मों के अलावा पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहते हैं। ऑफस्क्रीन कटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी जितनी पसंद की जाती है, फैमिली के साथ विक्की के बॉन्ड को भी उतना ही प्यार मिलता है। हाल ही में विक्की कौशल ने भाई सनी कौशल के साथ 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में शिरकत की। इस शो में दोनों भाइयों ने कॉमेडी पर ठहाके लगा कर मस्ती करने के साथ ही एक दूसरे की पोल भी खोली। इसी के साथ विक्की कौशल ने मजाक-मजाक में अपने पेरेंट्स के बारे में बात की। 'सैम बहादुर' एक्टर विक्की कौशल ने कपिल के कुछ फनी सवालों का जवाब देने के साथ ही बताया कि वह अपनी मां से बहुत मार खा चुके हैं। विक्की के इतना कहते ही सनी बताते हैं कि वह आज भी मार खाते हैं।

## टीवी मसाला




# उसने मुझे रात को 3 बजे घर बुलाया और फिर...'

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 2' फेम और झलक दिखला जा 11 की विनर मनीषा रानी आज एक जाना माना नाम हैं। मनीषा बिग बॉस के बाद काफी सुर्खियों में आ गई हैं। इस शो से उन्हें इंडस्ट्री में एक नई पहचान मिली है। मनीषा रानी ने हाल ही में अपना इंटरव्यू दिया। इस दौरान उन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कई सारी बातें पर से पर्दा उठाया। इसी के साथ ही मनीषा ने बताया कि वो कास्टिंग काउच का शिकार हो चुकी हैं और वो भी बिग बॉस के नाम पर। मनीषा ने कहा, 'एक बार वो एक शख्स से मिली थी जिसने उन्हें बताया था कि वो बिग बॉस की टीम का है। 'मैं एक बार जब 4-5 दिनों के लिए अपने घर बिहार गई थी। उसी टाइम उसने मुझे फोन किया और बोला कि  तुम अभी आ जाओ मुंबई। उसकी बात सुनने के बाद मैं तुरंत टिकट करा कर मुंबई आई की मेरा तो बिग बॉस होने वाला हे। एक बार जब उसने मुझे रात को तीन बजे कॉल किया और बोला कि मेरे घर आ जाओ। तो हमने उसको बोला कि हम घर तो नहीं आएंगे। इसके बाद वो मेरे पर चिल्लाने लगा। ये सब देखकर में बहुत रोई थी।'

## शादी के 3 दिन पहले ही ससुराल जाने से घबराईं आरती...



**मुंबई।** गोविंदा की भांजी और कृष्णा अभिषेक की बहन आरती सिंह जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। आरती की शादी को लेकर इस वक्त घर में खुशियों का माहौल है। हाल ही में आरती की ब्राइडल शावर पार्टी ने हर किसी का ध्यान खींचा। इस पार्टी में आरती के साथ उनकी भाभी कश्मीरा शाह और भाई कृष्णा के अलावा इंडस्ट्री के कई फेमस चेहरे भी नजर आए। इसी बीच आरती ने एक तस्वीर शेयर कर खुद के नर्वस होने की बात कही है। आरती ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक अपनी एक फोटो शेयर की है। इस तस्वीर में मायका एक्ट्रेस नो मेकअप में नजर आ रही हैं और उनकी आंखों नम दिख रहे हैं। इस तस्वीर के साथ आरती ने कैप्शन में लिखा- 'नई शुरुआत। घबराई हुई और भावुक हूं।' इसके साथ आरती ने नजरबट्टू और हार्ट इमोजी भी शेयर की है।

# 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' का नया टीजर रिलीज




**मुंबई।** फिल्म 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' 26 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में एमा कोरिन, मोरेना बेचरिन, रॉब डेलाने, लेस्ली उगम्स, करन सोन और मैथ्यू मैकफेडन अभिनय करते नजर आएंगे। इसका निर्देशन शॉन लेवी ने किया है। वहीं, शॉन लेवी, रेनॉल्ड्स और केविन फाइगी ने फिल्म का निर्माण किया है। 'डेडपूल ऐंड वुलवरिन' में रयान रेनॉल्ड्स डेडपूल का किरदार निभा रहे हैं। डेडपूल को लोग इसलिए पसंद करते हैं, क्योंकि उसके डायलॉग सुनकर मजा आ जाता है। वहीं, ह्यू जैकमैन वुलवरिन की भूमिका में नजर आएंगे। फैंस इन दोनों ही सुपरहीरो को देखने के लिए बेताब है। उनके लिए 26 जुलाई तक का इंतजार करना काफी मुश्किल है। बता दें कि 'डेडपूल' का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा था। वहीं, फिल्म का दूसरा भाग साल 2018 में रिलीज हुआ था।

# पाक एक्ट्रेस हानिया को डेट कर रहे बादशाह



**मुंबई।** बॉलीवुड के मशहूर सिंगर और रैपर बादशाह अपने बेहतरीन गानों के लिए जाने जाते हैं। वहीं सिंगर इन दिनों लगातार अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते काफी समय से बादशाह का नाम पाकिस्तानी एक्ट्रेस के साथ जोड़ा जा रहा है। वह एक्ट्रेस कोई और नहीं पाकिस्तानी की मशहूर अभिनेत्री हानिया आमिर हैं। हाल ही में दोनों को एक बार फिर से साथ में देखा गया है। हानिया ने बादशाह के साथ टाइम स्पेंड करने वाले मोमेंट भी शेयर किए हैं, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहे हैं, जिसके बादशाह उनके लिए गाना गाते और दोनों एक दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस हानिया आमिर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बादशाह के साथ फोटो शेयर की हैं। उन्होंने लोकेशन में दुबई और कैप्शन में लिखा, 'चंडीगढ़ से रेस्क्यू आया।' इस पोस्ट को बादशाह ने भी इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर किया है।

## काजल पुलिसवाली बनकर करेंगी एनकाउंटर



**मुंबई।** सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म 'इंडियन 2' को लेकर आए दिन नए अपडेट सामने आ रहे हैं। इस फिल्म के जरिए अभिनेत्री काजल अग्रवाल भी लंबे समय के बाद चर्चा में आ गई हैं। वह एक बेटे को जन्म देने के बाद काम पर लौटी हैं। काजल अग्रवाल को मैटरनिटी ब्रेक के बाद पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वह 'इंडियन 2' के अलावा फिल्म 'सत्यभामा' को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। काजल अग्रवाल के प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह 'सत्यभामा' से धमाकेदार वापसी करेंगी।

# लेटेस्ट लुक ने मचाया तहलका




**मुंबई।** बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' से की थी। इस फिल्म के बाद से कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। अपने हर अवतार से वह फैंस का दिल जीत लेती हैं।  हाल ही में तारा सुतारिया का लेटेस्ट लुक सामने आया है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक हैरान करने वाली फोटो शेयर की है। इस फोटो में एक्ट्रेस अपनी दिलकश अदाओं से फैंस का दिल जीत रही हैं। ना सिर्फ उनकी ये फोटो वायरल हो रही है, बल्कि फैंस ने उनकी तुलना सीधी चांद से कर दी है।

# शादियों में ही नहीं, मौत पर जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं बॉलीवुड स्टार्स

## अनुज साहनी ने बॉलीवुड के डार्क सीक्रेट के बारे में बात की

**मुंबई।** पूर्व बॉलीवुड अभिनेता और स्विस मिलिट्री वर्ल्डवाइड के एमडी अनुज साहनी ने मानव सुबोध के साथ मिलकर बिग स्मॉल टॉक नाओ शो में बॉलीवुड इंडस्ट्री के डार्क सीक्रेट का खुलासा किया है। उन्होंने जो बताया है उसपर यकीन करना काफी मुश्किल है। उनका कहना है कि बॉलीवुड के सितारे केवल पार्टियों, कॉन्सर्ट या शादियों में परफॉर्म करने के ही पैसे नहीं लेते, बल्कि वह अंतिम संस्कार में जाने के भी पैसे चार्ज करते हैं।

बॉलीवुड सितारे जहां पहुंचे वहां मीडिया खुद ब खुद पहुंच जाती है। फैंस स्टार्स को फिल्मों के अलावा जैसे पार्टियों में, बड़े-बड़े बिजनेसमैन की शादियों में, कॉन्सर्ट आदि में भी देखते हैं। इसके साथ ही अगर कोई मर जाता है तो उनके अंतिम संस्कार या प्रेयर मीट पर भी बॉलीवुड स्टार्स पहुंचते हैं। इसे लेकर अनुज साहनी ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है सितारे इसके लिए मोटी रकम चार्ज करते हैं।



### वीडियो इंटरनेट पर वायरल

इसका वीडियो इंटरनेट पर वायरल भी हो रहा है। जिसमें अनुज कह रहे हैं,"पता ये लगा कि एक जो बड़े स्टार्स होते हैं उनकी एक इनकम शादियों से होती है। वो शादियों में जाते हैं और डांस करते हैं। एक इनकी इनकम होती है अंतिम संस्कार और तेरहवीं में जाने पर। इस बारे में लोगों को पता ही नहीं होता।"

### शादियों में डांस का चार्ज 3 करोड़

सलमान खान, शाहरुख खान समेत कई बॉलीवुड स्टार्स को अंबानी की पार्टी में परफॉर्म करते हुए देखा जाता है। हालांकि अंबानी के प्रोग्राम में ये स्टार्स फ्री में परफॉर्म करते हैं, लेकिन पार्टियों या बड़ी शादियों में परफॉर्म करने के लिए अच्छी खासी फीस चार्ज करते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो सलमान खान इस तरह के इवेंट्स के लिए 3 करोड़ लेते हैं। दीपिका पादुकोण इवेंट्स में परफॉर्म करने के 1.5 करोड़ चार्ज करती हैं और रणवीर सिंह 1.75 करोड़ लेते हैं। रणबीर कपूर की फीस 1.5 करोड़ है और आलिया भट्ट भी इतना ही चार्ज करती हैं। वरुण धवन 1 करोड़, कटरीना कैफ 50 लाख, सिद्धार्थ मल्होत्रा 50 लाख लेते हैं। वहीं बात अगर पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ की करें तो वह 3 लाख रुपये एक परफॉर्मेंस के लेते हैं।

## खबर संक्षेप



### आग पर काबू पाने किया गया जागरूक

**कोरबा।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई केएसटीपीपी कोरबा ने अग्निशमन सेवा सप्ताह समापन समारोह का आयोजन इकाई के फायर कालोनी स्थित उप-अग्निशमन केंद्र पर किया। मुख्य अतिथि सरित महेश्वरी, मुख्य महाप्रबंधक एनटीपीसी कोरबा के उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अर्नब मैत्रा महाप्रबंधक प्रचालन व अनुरक्षण, सोमनाथ भट्टाचार्य, महाप्रबंधक अनुरक्षण, आलोक पाल एजीएम टेक्निकल, विनोद कोल्हटकर, सीएमओ, अनुराग खरे, एजीएम आइटी, देवातोष कर, एजीएम व्यापार उत्कृशष्टता, राममूर्ति जोसुला, एजीएम सेफ्टी, संजय बानिया, एजीएम पीएंडएस, गर्वेन्द्र शर्मा डीजीएम सेफ्टी, अशोक प्रसाद सिंह, सहायक समादेश्टा-अग्नि, निरीक्षक अग्नि विरेन्द्र सिंह, निरीक्षक अग्नि राजपाल सिंह, महिला निरीक्षक कार्य जूलीईएल, महिला निरीक्षक कार्य उषा रानी, रिचा सिंह इकाई संरक्षिका अध्यक्ष, नीलम देवी संरक्षिका सदस्य एवं प्रबंधन वर्ग अन्य अधिकारियों कर्मचारियों और केऔसुब के अन्य अधिकारियों एवं जवानों की उपस्थिति में अशोक प्रसाद सिंह, सहायक समादेश्टा अग्नि, केऔसुब द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया गया। मंच संचालन, महिला निरीक्षक कार्य उषा रानी ने किया। पश्चात केऔसुब के अग्नि बल सदस्यों द्वारा सहायक उप-निरीक्षक अग्नि, सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में अग्नि प्रदर्शन किया गया। इस दौरान त्वरित आग से काबू पाने की जानकारी दी गई। कमेंट्री, सहायक समादेश्टा अग्नि व अशोक प्रसाद सिंह ने की। अग्निशमन सेवा सप्ताह 2024 के दौरान आयोजित विभिन्न निबंध व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेताओं को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने पुरस्कृत किया। सभी अतिथियों को अशोक प्रसाद सिंह, सहायक समादेश्टा अग्नि, केऔसुब ने संबोधित किया। सभी अतिथियों ने फायर डेमो एवं अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आयोजित किए गए सभी कार्यक्रमों व अग्नि सुरक्षा के प्रति आमलोगों में जागरूकता फैलाने के लिए केऔसुब के सफल प्रयास की प्रशंसा की।

### खनिज बेरियर सराईसिंगार के पास लगता है जाम, आवाजाही में होती है परेशानी



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार सराईसिंगार पर बना खनिज बेरियर जो कोयला लोड़ भारी वाहनों की एंट्री कर सील मोहर लगाकर पास दिया जाता है। उसके उपरांत कोयला लोड भारी वाहन अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं, लेकिन समस्या यह है कि वहां ज्यादा संख्या भारी वाहन आई तो वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन आड़ाकर तिरछा खड़ा कर पास लेने खनिज बेरियर चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर से आने वाली खाली वाहनों के आने से सड़क से यात्री बस दूर बाईक निकालने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ज्ञात हो कि दीपका, गेवरा मेगा कोयला खदान से कोयला लोड लेकर व कोयला लोड़ लेने भारी व खाली वाहनों की इस मार्ग में बड़ी संख्या में आवाजाही हैं। वहीं खनिज बेरियर के सामने ही एक नया पेट्रोल टंकी है, जहां बड़ी वाहनों सहित अन्य वाहन पेट्रोल व डीजल भरवाने सड़क से मुड़ते हैं और फिर सड़क पर घुसते हैं जो सड़क जाम होने की यह भी कारण हैं। यह सड़क दीपका, बजरंग चौक सराईसिंगार से होकर बलौदा, अकलतरा, शिवरीनारायण, सीपत, बिलासपुर, जांजगीर नैलाजहां वाशरी व प्लांट को जाती है, किन्तु भारी वाहन चालकों की लापरवाही का भुगतान इस मुख्य मार्ग से आवाजाही करने वाले बाईक सवार, यात्री बसें, चार पहिया वाहन सभी के लिए समस्या बना हुई है। खनिज बेरियर में इस समस्या से निजात दिलाने कोई कर्मचारी नहीं हैं। खनिज विभाग को इन सब समस्याओं से बेफिक्र अपने कैबिन में बैठकर आराम फ़रमाते रहते हैं। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन की भी मुस्तैदी नजर नहीं आती, जो आम लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। इस मार्ग से आवाजाही करने वालों ने समस्या से जल्दी निजात दिलाने विभाग व स्थानीय प्रशासन में मांग की गई है।

### रेप्टाइल केयर एंड रेस्क्यूअर सोसायटी ने चलाया सर्प जागरूकता अभियान

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर रेप्टाइल केयर एंड रेस्क्यूअर सोसाइटी द्वारा प्राणी जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें आर.सी.आर.एस संस्था के संस्थापक अविनाश यादव और उनकी संस्था के सदस्य ऋतुराज साहू, अजय साहू, विवेक यादव के द्वारा कार्यक्रम लिया गया जिसमें सभी वन्य जीवों के प्रति सहानुभूति रखना, उनका हमारे जीवन से संबंध, और किस प्रकार हमारे लिए उपयोगी हैं उक्त संबंध में जानकारी साझा की गई। वन्य जीव हमारे खाद्य श्रृंखला के लिए किस प्रकार अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं यह संस्था के द्वारा संक्षिप्त रूप से लोगों को समझाया गया, साथ ही साँप बिच्छू के काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़ने और सीधे अस्पताल की ओर रुख करने की समझाईश दी।

## जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्राकट्य उत्सव

# धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हनुमान जयंती के अवसर पर जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना कर हवन का आयोजन किया गया। साथ ही जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान हनुमान की आराधना करते देखे गए।

उल्लेखनीय है कि संकटमोचन श्री श्री हनुमान जयंती के अवसर पर शहर के प्रमुख हनुमान मंदिर कोसाबाड़ी, पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, एसईसीएल सुभाष ब्लॉक सहित शहर के उपनगरीय क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में सुबह से ही हनुमान भगवान के दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। जिसके बाद पूजा अर्चना के बाद हवन का भी आयोजन किया गया। साथ ही हवन के उपरांत शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। शहर के मंदिरों में लगभग नजारा कुछ ऐसा ही था जहां बड़ी संख्या में भोग भंडारे का आयोजन हुआ।



हनुमान जयंती पर अनुष्ठान करते श्रद्धालु।



भंडारे में प्रसाद वितरित करते श्रद्धालुगण।

### उद्योग मंत्री ने की विशेष पूजन अर्चना, किया प्रसाद का वितरण



हनुमान जयंती के अवसर पर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन शहर के विभिन्न मंदिरों में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री हनुमान की पूजा अर्चना की। भगवान को विशेष भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। मंत्री श्री देवांगन आरएसएस नगर स्थित हनुमान मंदिर में विशेष पूजन में शामिल हुए। इसके बाद काशीनगर स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित विशाल भंडारा में मंत्री लखन लाल देवांगन शामिल हुए। वार्ड क्रमांक 15 भैंस खटाल में नवनिर्मित मंदिर में विशेष पूजन में शामिल हुए। मंच से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की भगवान श्री राम के अनन्य भक्त भगवान श्री हनुमान जी का आशीर्वाद सभी जनमानस पर बना रहे। बालकोनगर स्थित श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना व भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। राम झांकी की आरती कर उन्होनें क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की। इसी तरह देर शाम पोड़ीबहार तालाब में आयोजित विशेष आरती और शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप सभी जनमानस इस तरह एकजुट होकर श्रम दान कर तालाब की सफाई का कार्य किया यह बहुत ही अनुकरणीय पहल है।इस अवसर पर युवा मोर्चा के महामंत्री और पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा , पार्षद अब्दुल रहमान, पार्षद लुक्की चौहान, वैभव शर्मा, प्रीति स्वर्णकार सहित बड़ी संख्या में गण मान्य लोग उपस्थित रहे।

### कटघोरा में मनाया गया हनुमान जयंती



कटघोरा नगर में भी हनुमान जयंती पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई। इस दौरान जगह-जगह भोग भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### 51 बार हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

हनुमान मंदिर सेवा समिति, गेवरा बस्ती चौक के द्वारा मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की कड़ी में भगवताचार्य रमाकांत महाराज के द्वारा भव्य हनुमान चालीसा पाठ (51 बार) किया गया। महाआरती एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष रीना अजय जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल ने आयोजनों में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह समिति की ओर से किया था।

### पुराना बस स्टैंड में हुआ अनुष्ठान और भोग भंडारा



शहर के पुराना बस स्टैंड स्थित राम जानकी मंदिर में छेदीलाल अग्रवाल व उनके पुत्र कीर्ति अग्रवाल द्वारा मंदिर में अनुष्ठान कराया गया। इसके उपरांत उनके परिवार द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भोग भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर लोग पूजा अर्चना करते नजर आए। वहीं देर शाम को मंदिर परिसर में भजन कीर्तन व सुंदरकांड का पाठ किया गया। जहां बड़ी संख्या में क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। उक्त सुंदरकांड देर रात तक चलता रहा। जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति भाव में लीन रहा।

## कलेक्टर ने ली अभ्यर्थियों व राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सामान्य निर्वाचन के लिए नाम वापसी के पश्चात कोरबा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 4 हेतु निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कैलाश सुखदेव पगारे, व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा बैठक ली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में प्रेक्षकों ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए कहा कि जिले में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में सभी अभ्यर्थी गण व राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उन्होंने अभ्यर्थियों से लोकतंत्र के इस पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। सामान्य प्रेक्षक श्री प्रेम सिंह मीणा ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आवश्यक व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव प्रेक्षक के समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के प्रतिनिधि चुनाव के दौरान ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो। व्यय प्रेक्षक मुकेश कुमार ने अभ्यर्थियों को व्यय रिपोर्टिंग प्रारूप, दर सूची आदि और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के अनुसार व्यय लेखा प्रस्तुत करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से एक पृथक बैंक खाता रखना अनिवार्य है। निर्वाचन के दौरान सभी प्रकार के व्यय इसी खाते से किए जाएंगे। इस हेतु खाते के सत्य प्रतिलिपि को भी प्रस्तुत करना है। निर्धारित तिथियों में अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता लेखा पंजी के साथ लेखा दल के समक्ष उपस्थित होकर लेखा जांच कराएंगे। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत कोरबा संसदीय क्षेत्र से कुल 27 अभ्यर्थियों के मध्य निर्वाचन होगा। ईव्हीएम, वीवीपैट एवं मतदान सामग्री का वितरण 6 मई को पूर्वान्ह 7 बजे से संबंधित जिले के विधानसभा हेतु नियत स्थल पर किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा एवं निर्वाचन से संबंधित किसी भी बात के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि जानकारी साझा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए आचार संहिता का पालन करें तथा नियमों के दायरे में रहते हुए प्रचार-प्रसार का कार्य करें। कलेक्टर ने सभी अभ्यर्थियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम मशीन की रेंडमाइजेशन, स्ट्रांग रूम में सीलिंग एवं अन्य निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अनिवार्य रूप से अधिकृत एजेंट की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने कहा कि सभी अभ्यर्थी प्रचार के दौरान, नियमों का पालन करें।



बैठक में उपस्थित प्रेक्षक व कलेक्टर।

## अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण




शपथ लेते अग्रवाल समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा की नवीन कार्यकारणी 2024-26 का शपथ ग्रहण समारोह श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्रागंण में अयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि व शपथ अधिकारी के रूप में अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल उपस्थित हुये। शपथ ग्रहण समारोह का शुभारंभ महाराज अग्रसेन के तैल्यचित्र की पूजा अर्चना व दीपप्रज्जवल से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे श्रीकांत बुधिया ने सभी कार्यकारणी को बधाई दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि एक लम्बे समय से अग्रवाल सभा संचालित हो रही है अग्रवाल समाज सेवा भाव से कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। हम चिकित्सा के क्षेत्र में आगे अपना कदम रखगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामसिंह अग्रवान ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में सभी पदाधिकारी उर्जा बना है और वे समाज में सेवा के कार्य को आगे बढाये। इस अवसर पर मुख्य चुनाव अधिकारी व चुनाव अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी को चुनाव सम्पन्न पर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य चुनाव अधिकारी छेदीलाल अग्रवाल, चुनाव अधिकारी आशीश खेतान, सहायक चुनाव अधिकारी अनिल अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, राज अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, त्रिलोकीनाथ बजाज, सन्नी मित्तल, हितेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, प्रीयम अग्रवाल, योगेश गोयल, श्यामसुंदर अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, केतन ऐरन, भागवत अग्रवाल, अंकित केडिया, अंकित टमकोरिया को दिया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के शपथ अधिकारी रामसिंह अग्रवाल ने सभी पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई गई ।

## सीटू गेवरा के अजय अध्यक्ष, तो जनाराम बने सचिव





**कोरबा।** कोयला श्रमिक संघ गेवरा एरिया का त्रिवार्षिक सम्मेलन सीटू कार्यालय में संपन्न हुआ सम्मेलन में गेवरा क्षेत्र के कोयला श्रमिक संघ के कार्यकर्ताओं ने आगामी त्रिवार्षिक कार्यकाल के लिए चर्चा करते हुए फिर से पुराने कमेटी पर ही भरोसा जताया। एक बार फिर कामरेड अजय प्रताप सिंह को क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पुनः क्षेत्रीय सचिव की जिम्मेदारी कामरेड जनाराम कर्ष तो कोषाध्यक्ष के रूप में कामरेड आरएस गढ़ेवाल को मनोनीत किया गया। गेवरा एरिया की गौरी शंकर, हीरामन, अश्वनी खरे, सुरेंद्र बैगा, संतोष मिश्रा, कन्हैया, भुनेश्वर प्रसाद व संयुक्त सचिव नीलांबर शर्मा को बनाया गया है। नई कार्यकारिणी के गठन होने के बाद क्षेत्रीय सचिव जनाराम कर्ष ने कहा कि गेवरा क्षेत्र में मजदूरों को मूलभूत कल्याणकारी सुविधा दिलाने ठेका श्रमिकों का शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने व आसपास के जो ठेका श्रमिक हैं उनका वाजिब हक दिलाने हमारा मुख्य मुद्दा रहेगा।

## मतदाता जागरूकता हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, पुरूष, महिलाओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली, दीवारों पर नारा लेखन तथा स्कूलों छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बिंझरा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नारा लेखन और घर-घर जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद पंचायत पाली के जोरहाडबरी ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिला-पुरूषों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। ग्राम पंचायत भैंसमा में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश दिया। विगत दिवस शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. फरहाना अली के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। मतदाताओं को शत-प्रतिशत मताधिकार के लिए प्रेरित व जागरूक करने के उद्देश्य से 24 अप्रैल तक स्वीप मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत विद्यालय में क्विज, रंगोली, पोस्टर, मतदाता जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, निबंध स्लोगन प्रतियोगिता की जा रही है। मतदान आवश्यक है, एवम स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदान करना है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### गुजरात से...

के बारे में बता दिया था फिर क्या था जैसे ही दादू केवट बारात लेकर अपने ससुराल दुल्हन लेने पहुंचा। ससुराल वालों का आक्रोश फूट पड़ा और दूल्हे राजा दादू केंवट की जमकर धुनाई कर दी। जैसे ही इसकी भनक नगर कोतवाल मोती पटेल को मिली वे दल बल सहित मौके पर पहुंचे और किसी तरह लोगों को समझाइश देकर दूल्हे राजा दादू केवट को थाने लेकर पहुंचे तब जाकर मामला शांत हुआ।

### प्रेक्षक एवं...

कार्य, मॉकपोल के पूर्व ईवीएम और वीवीपैट का संयोजन और मॉकपोल का संचालन, मॉकपोल के पूर्व बीयू, सीयू और वीवीपैट का संयोजन, मतदान प्रारंभ करने के पूर्व ईवीएम तथा वीवीपैट को क्लियर करने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मॉकपोल के पूर्ण होने के उपरांत मतदान प्रारंभ करने के पूर्व कन्ट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट को सावधानी पूर्वक सीलबंद करने के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा ईव्हीएम एवं वीवीपैट मशीनों की कमिशनिंग का डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सभी अधिकारियों को तकनीकी जानकारी और मतदान प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। उनके द्वारा बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्हीव्हीपैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनों को एक दूसरे से केबल कनेक्शनों से कनेक्ट करना, सील करना, मतदान पत्र लगाना, मॉक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्री विकास चौधरी सहित सम्बन्धित विधानसभा के एआरओ, मास्टर ट्रेनर, सेक्टर अधिकारी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

### राजस्व मामले में नोटिस

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

न्यायालय न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) जिला- कोरबा तहसील कटघोरा प.ह.न. 00010 नवागांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD20232455 0328700001 पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- श्याम सुंदर कश्यप पिता/पति-रामनारायण कश्यप पता-साकिन नवागांव तहसील कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) अनावेदक पक्षकार -रिखी लाल पिता/पति-चिंता राम पत्ता-सा देह

**भूमि का विवरण जिसके संबंध में प्रकरण विचारधीन है**

तहसील कटघोरा के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम नवागांव के भूमिस्वामी रिखी लाल पिता/पति-चिंता राम पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 223/4/ख (0.0120) में नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26/04/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) पर की जावेगी। आप अपना पक्ष प्रकरण को आगामी सुनवाई तिथिके पूर्व या सुनवाई के समय स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि को प्रकरण में सुनवाई उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। नोटिस दिनांक 03/04/2024 नोटिस क्रमांक-914

राजस्व अधिकारी-BHUSHAN SINGH MANDAVI
पदनाम-तहसीलदार

NKH SUPER SPECIALITY HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KDRB0019/HOS

अप्रैल 2024
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

26,27 अप्रैल 2024 (शुक्र., शनिवार) — डॉ. भरत अग्रवाल ( हृदय रोग विशेषज्ञ )

28 अप्रैल 2024 (रविवार) — डॉ. अनिल कुमार चौहान ( शिशु हृदयरोग विशेषज्ञ )

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत द्वारा लोकसभा निर्वाचन के तहत आमजनों की शिकायतों के समाधान हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना कर 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर 07759-221096 है। यहां सी-विजिल ऐप, एनजीपीएस, सीपीएस, ऑफलाइन और टेलीफोन के माध्यम से शिकायत की जा सकती है।

### घंटाघर चौक में की गई प्याऊ की स्थापना



**कोरबा।** मारवाड़ी युवा मंच कोरबा शाखा द्वारा निहारिका घंटाघर चौक में सोमवार को अस्थाई प्याऊ की स्थापना की गई, जो कि प्रतिवर्ष नगर पालिक निगम द्वारा संचालित किया जाया करता था, परंतु इस वर्ष किसी कारण स्थापित न हो सका जिससे भरी गर्मी में पेयजल की सुविधा से लोग वंचित हो रहे थे, तो मारवाड़ी युवा मंच मंच कोरबा द्वारा प्याऊ लगाने की जिम्मेदारी उठाई और एक अस्थाई प्याऊ की स्थापना सभी मंच के साथियों के सहयोग से करा दिया गया, जिससे अब वहाँ के राहगीरों को शीतल पेयजल प्राप्त हो सकेगा। इस कार्यक्रम में कोरबा शाखा के सभी पदाधिकारी व युवा साथियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच शाखा कोरबा के अध्यक्ष विकास मित्तल ने बताया कि ऐसे ही शहर के अन्य स्थानों में भी जहां जैसी आवश्यकता होगी हमारे शाखा द्वारा अस्थाई प्याऊ लगाया जाएगा जो भरी गर्मी में राहगीरों को शीतल पेयजल प्रदान करेगा। कोरबा शाखा द्वारा पूर्व से ही अमृत धारा योजना के तहत 100 से अधिक मटकों के जोड़े शहर के प्रतिष्ठानों में संचालित कराया जाता है जो कि मारवाड़ी युवा मंच की अभूतपूर्व पहल सालों से चली आ रही है और प्रति वर्ष इसमें हम 20-30 मटके के जोड़े और लगाए जाते है और उन्हें अच्छे से संचालित पूरी गर्मी भर किया जाता है और आगे भी किया जाता रहेगा।

## कुदमुरा वन परिक्षेत्र में डाले हुए हैं डेरा

# कोरबा के जंगल में फिर पहुंचे 39 हाथी, वन विभाग ने किया अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धरमजयगढ़ वनमंडल से विचरण करते हुए हाथियों का अलग-अलग झुण्ड कोरबा वनमंडल के कुदमुरा में धमक है जिससे वनांचल क्षेत्र में बसने वाले लोगों के मुश्किलें बढ़ गई हैं। हाथियों के लगातार विचरण से वन विभाग में हाथी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर अलर्ट जारी किया है और लोगों को जंगल ना जाने की सलाह दी है।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से कोरबा वनमंडल में हाथियों का झुंड आना जाना ही कर रहे हैं। बताया जाता है कि पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल में 39 हाथियों का झुंड बीती रात को कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज तक पहुंच गया है। बताया जाता है कि यह हाथी अलग-अलग झुंड में विभक्त हो गए हैं। जिससे वन विभाग की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कोरबा वनमंडल अधिकारी अरविंद पीएम के निर्देश पर एसडीओ एसके सोनी व उनकी टीम हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रहे हैं और लोगों को सजग और सावधान करने में लगे हुए हैं। एसडीओ श्री सोनी ने बताया कि कुदमुरा रेंज में 2 हाथी विचरण कर रहे थे। 7 हाथी धरमजयगढ़ वनमंडल से आकर गितकुवारी परिसर में विचरण कर रहे हैं तथा 30 हाथी हाटी परिसर से आकर कुदमुरा परिसर में विचरण कर रहे। इस प्रकार कोरबा वनमंडल में कुल 39 हाथी विचरण कर रहे हैं।



कुदमुरा के जंगल में विचरण करते हाथी।

### कटघोरा में भी उत्पात मचा रहे हैं हाथी

कटघोरा वनमंडल में पिछले कई महीनों से हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहे हैं। हाथियों का झुंड एतमानगर व पसान के जंगल में ही डेरा डाले हुए हैं और लगातार क्षेत्र में विचरण कर उत्पात मचा रहे हैं। हालांकि वन विभाग की टीम इस उत्पात को रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रही है लेकिन विभाग को सफलता नहीं मिल पा रही है। पिछले कई दिनों से हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए हैं और लगातार शाम को सड़क को पार करते ही नजर आ रहे हैं। हालांकि वन विभाग की टीम लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसके लिए लगातार डेरा डाले हाथियों की निगरानी कर उन्हें सावधानीपूर्वक एनएच को पार कर रही है।

# सुबह छायी रही बदली, फिर हुई बारिश के बाद तेज धूप ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौसम के बार-बार बदलते तेवर की वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार की सुबह बदली के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया था। जिससे मौसम खुशनुमा हो गया था लेकिन दोपहर होते ही तपती धूप की गर्मी से लोग पूरे दिन भर हलाकान रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी है और इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह एक बार फिर से बदली छाई रही और मौसम खुशनुमा नजर आ रहा था कि फिर से बारिश होने लगी जिससे लोगों को गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली थी लेकिन जैसे-जैसे सुबह के बाद मौसम चढ़ता गया सुबह 11 बजे के बाद सूर्य देवता ने अपना विकराल रूप दिखाना शुरू किया। जिसके बाद दोपहर को इतनी तेज धूप थी कि लोग गर्मी से परेशान नजर आए। लोग गर्मी से बचने के लिए चश्मा गमछा का सहारा लेते नजर आए तो वहीं दोपहर को तेज गर्मी से राहत पाने के लिए गला तर करते देखे गए। लगातार मौसम के बदलते तेवर की वजह से बच्चों को खासी परेशानी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार बताया जाता है कि कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर इसी तरह जारी रहेगा।

### मौसम साफ होते ही पारा पहुंचेगा 44 डिग्री के पार

पिछले कई दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। जानकार बताते हैं की मौसम साफ होते ही दो-तीन दिनों के भीतर तापमान लगभग 43 से 44 डिग्री जा पहुंचेगी अभी शुरुआती दौर में तापमान में कुछ कमी जरूर आई है लेकिन जैसे ही तापमान में वृद्धि होगी गर्मी विकराल रुप पर रहेगी। ऐसे में अप्रैल के अंतिम सप्ताह में पारा 40 से 44 डिग्री तक पहुंचाने की उम्मीद बताई जा रही है जिससे इस गर्मी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आने वाले दिनों में बिजली की बढ़ेगी डिमांड

लोग गर्मी से राहत पाने के लिए अपने-अपने घरों और कार्यालय में पंखा, कूलर, एसी का लगातार संचालन कर रहे हैं लेकिन पिछले कई दिनों से मौसम खुशनुमा होने से तापमान में कुछ कमी जरूर आई है। जिससे बिजली के डिमांड में कमी आई है लेकिन वहीं दूसरी ओर आने वाले दिनों में जैसे सूर्य देवता की तपिश और बढ़ती जाएगी तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचेगी इससे ऐसे में आने वाले दिनों में बिजली की डिमांड और बढ़ेगी।

# हसदेव नदी में मिली अधेड़ की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी स्थित धनरास राखड़ डेम के पीछे हसदेव नदी में मंगलवार की दोपहर नाव से नदी पार करते हुए कुछ ग्रामीणों ने एक अधेड़ व्यक्ति की लाश देखी। जिसके बाद लोगों ने इसकी सूचना कटघोरा थाना में दी। सूचना मिलते ही कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव की शिनाख्ती की गई तो मृत व्यक्ति की पहचान डोंगाघाट ग्राम पंचायत धनगांव निवासी धनसिंह मंझवा उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई। मृतक राखड़ डेम में एक कंपनी में चौकीदारी का काम करता था। मृतक धनसिंह मंझवार 19 अप्रैल को अपने घर से काम के लिए निकला लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने इसकी खोजबीन की थी लेकिन दोपहर जब शव की शिनाख्ती की गई तो मृतक धनसिंह मंझवार ही निकला। फिलहाल कटघोरा पुलिस ने शव का पंचनाम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि शार्ट पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि मृतक धनसिंह मंझवार की मौत कैसे और किन कारणों से हुई। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है।



अधेड़ की तैरती लाश।

# निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के पास चढ़ाई पर पलटा ट्रेलर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सर्वमंगला कनवेरी मार्ग पर सर्वमंगला मंदिर के पीछे निर्माणाधीन रेलवे ब्रिज के पास चढ़ाई के दौरान सुबह एक कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 सी 8369 फिसलते हुए पलट गई। चालक को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त ये हादसा हुआ हल्के वाहन आसपास से गुजर रहे थे, गनीमत ये रही कि कोई पलटते हुए भारी वाहन कि चपेट में नही आया अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस स्थान पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं जिस वजह से यहां हर दिन एक या दो ट्रेलर फंसे रहते हैं, अथवा हादसे का शिकार हो जाते हैं।



दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर वाहन।

# डीपीएस एनटीपीसी में समर कैंप का हुआ शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी में मंगलवार को समर कैंप का शुभारम्भ किया गया। कैंप में विद्यार्थियों को क्रिकेट, बास्केटबाल, टेबिल टेनिस, चैस एवं एथेलेटिक्स में कोच शैलेन्द्र सिंह एवं दिव्या सोना द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। शास्त्रीय गायन, वाद्य यंत्र, विभिन्न रागों एवं विभिन्न शास्त्रीय नृत्य का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को सुधीन दास एवं दीपा तांडिया द्वारा दिया जाएगा । समर कैंप मे लगभग 200 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। समर कैंप शुभारम्भ समारोह के मुख्य अतिथि सतीश शर्मा, प्राचार्य डीपीएस एनटीपीसी ने इसे एक अभिनव पहल एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास में बहुत उपयोगी बताया। इस अवसर पर अभिभावकगण एवं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे एवं कैंप के शुभारम्भ पर अपनी प्रसन्नता प्रकट की। प्राचार्य सतीश शर्मा ने इसे एक अत्यंत उपयोगी आयोजन बताया एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की । कैंप का समापन 8 मई को होगा ।



समर कैंप में शामिल बचचे।

# द्वितीय राज्य स्तरीय कुडो स्पर्धा में कोरबा अव्वल



विजयी प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

द्वितीय राज्य स्तरीय कुडो प्रतियोगिता का आयोजन कोरबा ज़िले के सिटी सेंटर मॉल में आयोजित किया गया। जिला संघ के सचिव प्रेमराज बंजारे ने इसकी जानकारी दी। इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 200 खिलाड़ियों में भाग लिया, सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर दुर्ग एवं तृतीय स्थान पर सरगुजा ज़िला रहा। राष्ट्रीय कुडो प्रतियोगता हिमाचल प्रदेश के सोलन में आयोजित की जा रही है। इसमें राज्य कुडो प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विज़ेता राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोरबा से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले बालक खिलाड़ी-रेयांश यादव, अद्वितीय यादव अनय अग्रवाल पी हविश कृष्णा, तनेश अग्रवाल, समर्थ अग्रवाल, साई प्रकाश जेना, प्रणव निर्मलकर, वीर भद्र प्रकाश, आराध्या सोनी, अगस्त्य शर्मा, रोहन कुमार श्रीवास, अभिनव शर्मा, शालोम खाखा, यश प्रजापति, हर्ष यादव, आशुतोष पाठक, अनुज अग्रवाल, शौर्य तिवारी, स्वर्ण पदक बालिका वर्ग जसमीत कौर, अद्विती गुप्ता, आर्या सेठी, अलीशा, वी. सांभवी, अवनी शर्मा, आराध्या श्रीवास, शौर्य बरनवाल, हृदय मंडल, गोल्डी अग्रवाल, स्पर्शिता दास, शिवांगी जायसवाल, मिया अलापट्ट, कुहू राहंगडाले, आयुषी पांडा, अंजू कंवर, इश्कृत कौर छाबड़ा, शिखा सिंह, ग्रेसी पन्ना, सानिया चौहान, रजत पदक बालक वर्ग कार्तिक आहूजा, जॉनसन एक्का, लखन साहू, अथर्व शर्मा, सृजन शर्मा, सुयश महंत, यशराज खरे, विशाल कुमार साहू, कृष्णा अग्रवाल, हार्दिक दुरेजा, रजत पदक बालिका वर्ग एकता पटेल, दीक्षा सिन्हा, हेतल नेगी, तनुप्रिया कंवर, कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी- काव्य खरे, गुंजन देवांगन,मनीष पांडे, आयुष उरांव कांस्य पदक बालिका वर्ग दिव्या पुलसी,नम्रता एक्का, स्नेहा कंवर, तृप्ति भैना ने पदक प्राप्त कर ज़िले का मान बढ़ाया है।







